Regarding request for renaming of Railway Station-laid

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर) : मैं रेल मंत्री जी का ध्यान जोधपुर शहर में ही जोधपुर रेल मंडल के उपनगरीय रेलवे स्टेशन राई का बाग पैलेस जक्शन के नाम में स्पेस खत्म करते हुए संशोधन करके राईका बाग करने की मांग की तरफ आकर्षित करते हुए यह अवगत करवाना चाहता हूँ की राजस्थान, गुजरात सहित कई राज्यों में देवासी समाज जिन्हें राड़का या रैबारी भी कहा जाता है, इस समाज की भावना इस स्टेशन के साथ जुड़ी हुई है और रेलवे की गलती से ही राईका बाग नाम में राई और का के मध्य स्पेस दे दिया गया और पूर्ण रूप से अनुचित है और पुनः नाम संशोधन की मांग को लेकर राजस्थान में देवासी समाज आंदोलित है । चुकी देवासी समाज पशुपालक कौम है जिसका बहुत बड़ा इतिहास राजस्थान और गुजरात सहित देश भर में रहा है, भारत की प्राचीन परंपरा और संस्कृति को जीवंत रखने में भी देवासी समाज का बड़ा योगदान आज भी है । लोक देवताओं के इतिहास पर परिदृश्य डालेंगे तो भी यह सामने आएगा की देवासी समाज भी भरोसे और मजबूती का दूसरा नाम रहा है । राई का बाग पैलेस जंक्शन रेलवे स्टेशन के नाम में राई और का के बीच का स्पेस खत्म करने की मांग को लेकर देवासी समाज मुहिम भी चला रहा है और राजस्व रिकार्ड में भी राई और का शब्द के मध्य स्पेस नहीं है, इसलिए देवासी समाज की जन भावना, उनके मजबूत इतिहास को मध्य नजर रखते हुए आप अविलंब जोधपुर रेल मंडल के उप नगरीय रेलवे स्टेशन राईका बाग में राई और का के मध्य स्पेस खत्म करके राईका बाग करने के आदेश शीघ्रता से करने हेतु आदेश जारी करके, देवासी समाज जिन्हे रेबारी या राईका के नाम से भी जाना जाता है, उनकी जन भावना का सम्मान करे ।